29/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान का दिन करीब आने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने में कोई कोर कसर नही छोड रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस, वामदल, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल और अन्य दलों के नेता प्रचार अभियान में लगे हैं। प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वे 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण के साथ सातों दिन चौबीस घंटे कार्य कर रहे हैं। कर्नाटक के बागलकोट में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा विकास के लिए कार्य करती है जबकि कांग्रेस वोट बैंक के लिए।

0000000000000000000

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने देश भर में महंगाई और बेरोजगारी में वृद्धि के लिए भाजपा सरकार की आलोचना की। आज उत्तरी गुजरात के पाटन में चुनावी रैली में उन्होंने एनडीए सरकार पर बड़ी मात्रा में कॉर्पोरेट ऋण माफ करने और किसानों, आदिवासियों और छोटे मजदूरों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में एक फीसदी लोगों का 40 फीसदी संपत्ति पर कब्जा है। श्री गांधी ने कहा कि एक बार कांग्रेस सत्ता में आएगी तो वह देश में प्रत्येक समुदाय के प्रतिनिधित्व का आकलन करने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी और किसानों का कर्ज माफ करेगी।

दूसरी ओर, गुजरात बीजेपी अध्यक्ष सीआर पाटिल पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं।

0000000000000000000

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस चरण में छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीट, हरियाणा की सभी दस उत्तर प्रदेश की चौदह सीट, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ सीट, ओडिसा की छह और झारखंड की चार सीटों पर मतदान होगा। नामांकन भरने की आखिरी तारीख 6 मई है। जांच 7 मई को होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 9 मई है। मतदान 25 मई को और मतगणना 4 जून को होगी।

0000000000000000000

केंद्र, राज्यों में मौसमी इन्फ्लूएंजा की बारीकी से निगरानी कर रहा है। अमेरिका के विभिन्न राज्यों में मवेशियों और दूध में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस का पता चलने की रिपोर्टों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ एक समीक्षा बैठक की थी। हालाँकि, अभी तक देश के किसी भी हिस्से में मौसमी फ्लू के मामलों में कोई असामान्य चिंताजनक वृद्धि नहीं हुई है। मौसमी इन्फ्लूएंजा एक तीव्र श्वसन संक्रमण है जो इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है जो दुनिया के सभी हिस्सों में फैलता है, और वैश्विक स्तर पर कुछ महीनों के दौरान मामलों में वृद्धि देखी जाती है। छोटे बच्चों और बूढ़े व्यक्तियों में इसका संक्रमण तेजी से होता है।

0000000000000000000

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक गांगेय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में लू और गंभीर गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में लू चलने की संभावना है।

विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान लगभग एक से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा और उसके बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होंगे। मौसम विभाग ने बताया है कि बुधवार से अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश की संभावना है। आज पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और उत्तर पश्चिम भारत के आसपास के मैदानी इलाकों में गरज, बिजली और तेज़ हवाओं के साथ बारिश होने की उम्मीद है।

0000000000000000000

मिजोरम में 1 अप्रैल, 2023 से 31 जनवरी, 2024 तक शराब से संबंधित 438 मौतें दर्ज की गई हैं। यह डेटा राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी किया गया है। इसके अनुसार राज्य में 10 महीनों के दौरान शराब से हुई मौतों में 361 पुरुष और 77 महिलाएं हैं। विभाग ने कहा कि 2019 से कड़े मिजोरम शराब निषेध अधिनियम, 2019 के लागू होने के बाद भी शराब से संबंधित मौतें बढ़ रही हैं।

0000000000000000000

नागालैंड में, सुरक्षा बलों ने मोन जिले में भारत म्यांमार सीमा के करीब भारी मात्रा में हथियार और युद्ध में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए। बरामदगी में मोर्टार ट्यूब, पिस्तौल, 198 हैंड हेल्ड रेडियो सेट, एक सैटेलाइट फोन, बाइक, और एक बोलेरो वाहन शामिल हैं। ऑपरेशन के दौरान एक अभियुक्त की गिरफ्तारी कर पूछताछ के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है। असम राइफल्स का यह ऑपरेशन अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बॉर्डर सीलिंग का एक हिस्सा था।

00000000000000000

महिला स्कीट में, माहेश्वरी चौहान ने कतर के दोहा में शॉटगन ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। कल फाइनल में छह में से केवल चार निशानेबाज ही कोटा पाने के पात्र थे। कजाकिस्तान का पांचवें स्थान पर हार और अजरबैजान छठे स्थान पर आने के बाद माहेश्वरी और स्वीडन के क्वालीफिकेशन लीडर विक्टोरिया लार्सन के लिए दो ओलंपिक कोटा की पुष्टि हो गई। निशानेबाजी में यह भारत का 21वां और शॉटगन में पांचवां ओलंपिक कोटा था।

000000000000000000